आपको पॉलिसी अनुसूची में निर्दिष्ट अंतराल पर और अवधि के लिए नियमित प्रीमियम की रकम का भुगतान संबंधित देय तारीख और छूट अवधि (प्रत्येक देय तारीख समाप्त होने के बाद 30 दिन की अवधि) समाप्त होने से पहले करना होगा। यदि नियमित प्रीमियम देय तारीख से पहले प्राप्त हो जाता है तो इसे केवल देय तारीख पर ही पॉलिसी में जमा किया जाएगा और आप ऐसे किसी नियमित प्रीमियम पर ब्याज पाने के हकदार नहीं होंगे। नवीकरण प्रीमियम का भुगतान अग्रिम में किया जा सकता है बशर्ते कि उनका भुगतान उसी वर्ष के अंदर कर दिया जाता है जिसमें प्रीमियम देय है।

**प्रीमियम का भुगतान बंद करना**

छूट अवधि के दौरान बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में, बीमाकृत व्यक्ति को सभी देय राशियों की कटौती करने के बाद पॉलिसी के अधीन लाभों का भुगतान किया जाएगा। यदि छूट अवधि के दौरान नियमित प्रीमियम की किसी किश्त का भुगतान नहीं किया जाता है और नियमित प्रीमियम के भुगतान में यह चूक निम्नवत होती है:

(i) *चौथे पॉलिसी वर्ष के शुरू होने से पहले:*
तो छूट अवधि समाप्त होने के बाद पॉलिसी और इस पॉलिसी के तहत सभी लाभ तुरंत स्वत: बंद हो जाएंगे और पॉलिसी व्यपगत हो जाएगी।

(ii) *चौथे पॉलिसी वर्ष के शुरू होने के बाद:*
पॉलिसी को प्रदत्त का दर्जा मिल जाएगा, और भविष्य में घोषित कोई भी प्रत्यावर्ती बोनस या टर्मिनल बोनस पॉलिसी को प्राप्त नहीं होगा तथा सभी देय लाभों में प्रदत्त उपबंधों के अनुसार कमी की जाएगी।.

आप पॉलिसी को फिर से चालू करने के लिए लिखित में आवेदन करके और नियमित प्रीमियमों की सभी अदत्त किश्तों का हमारे द्वारा तय दर से ब्याज सहित भुगतान करके तथा हमारे द्वारा यथा निर्धारित शर्तों को पूरा करके नियमित प्रीमियम की पहली अदत्त किश्त की देय तारीख से दो क्रमागत वर्षों के भीतर अपनी व्यपगत या प्रदत्त पॉलिसी को फिर से शुरू करवा सकते हैं। इस संबंध में किए गए सभी चिकित्सा व्ययों (यदि कोई हों) को आपको वहन करना होगा। हम व्यपगत या प्रदत्त पॉलिसी के लिए आपके आवेदन को हमारे बोर्ड द्वारा अनुमोदित हामीदारी पॉलिसी के तहत स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।

*पॉलिसी के फिर से चालू होने पर:*

(i) सभी साधारण प्रत्यावर्ती बोनस, जिनकी घोषणा हमारे द्वारा पॉलिसी के व्यपगत होने के बाद और पॉलिसी के फिर से चालू होने से पहले की अवधि के दौरान की गई है, पॉलिसी को प्राप्त होंगे;

(ii) सभी मासिक आय राशियां, जो पॉलिसी के फिर से शुरू होने बाद देय हुई हैं, पॉलिसी अनुसूची में निर्दिष्ट दर से देय होंगी;

(iii) हम पॉलिसी अनुसूची में निर्दिष्ट मासिक आय की रकम के अंतर के बराबर की एकमुश्त रकम का भुगतान करेंगे और घटी हुई मासिक आय की रकम का भुगतान पॉलिसी द्वारा प्रदत्त पॉलिसी का दर्जा हासिल करने और पॉलिसी के फिर से शुरू होने से पहले की अवधि के दौरान किया जाएगा। एकमुश्त रकम के लिए हम किसी तरह के ब्याज का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**नोट:** अगर पहली अदत्त प्रीमियम की किश्त की तारीख से 2 वर्षों के भीतर पॉलिसी को फिर से चालू नहीं कराया जाता है तो पॉलिसी समाप्त मानी जाएगी और कोई और लाभ देय नहीं होगा। बहरहाल, यदि पॉलिसी प्रदत्त स्थिति में है और दो वर्ष के रिवाइवल अवधि के अंदर फिर से शुरू नहीं करवाई गई है तो पॉलिसी निम्नलिखित में किसी एक के भुगतान होने तक चालू रहेगी: (क) मृत्यु लाभ; या (ख) परिपक्वता लाभ; या (ग) अभ्यर्पण लाभ या (घ) अंतिम मासिक आय लाभ।

## पॉलिसी लाभ उपबंध और विकल्प

**मासिक आय लाभ**

हम मासिक आय भुगतान अवधि के शुरू ओने के बाद हर माह परिपक्वता की तारीख तक मासिक आय राशि (किसी बकाया ऋण राशि की ब्याज सहित कटौती के अधीन) का भुगतान करेंगे बशर्ते की पॉलिसी चालू हालत में है और मासिक आय रकम की देय तारीख तक सभी नियमित प्रीमियम हमें प्राप्त हो गए हैं, केवल उन मामलों को छोड़कर, जिनमें इस पॉलिसी पर सेट-ऑफ विकल्प लागू किया गया है।

**नोट:** कृपया नोट करें कि यहां इसमें दिए गए किसी उपबंध के अध्यधीन, अगर मासिक भुगतान उपरांत की कटौतियां (यदि कोई हों) ₹2000; से कम है तो भुगतान आवृत्ति को कम करके अगले लेवल पर लाया जाएगा (अर्थात् तिमाही या छमाही या वार्षिक) जिससे कि अदा की गई आय की न्यूनतम रकम ₹2000 के बराबर या इससे अधिक हो जाए।

**परिपक्वता लाभ**

यदि परिपक्वता तारीख पर बीमाकृत व्यक्ति जीवित है और पॉलिसी चालू है तो हम आपको निम्नलिखित का भुगतान करेंगे:

(i) सभी उपचित साधारण प्रत्यावर्ती बोनस;

(ii) टर्मिनल बोनस (यदि कोई हो)

**मृत्यु हितलाभ**

यदि बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु जोखिम शुरू होने की तारीख पर या इसके बाद तथा परिपक्वता तारीख, जब पॉलिसी चालू रहती है, से पहले हो जाती है तो किसी बकाया ऋण और तत्संबंधी ब्याज को काटने के बाद मृत्यु की तारीख तक अदा किए गए मासिक आय लाभ का ध्यान किए बगैर निम्नलिखित राशियों का भुगतान करेंगे:

[मृत्यु की तारीख तक अदा किया गया कुल प्रीमियम {सेवा कर को छोड़कर} घटा अदा किया गया अतिरिक्त प्रीमियम (यदि कोई है)] के कम से कम 105 प्रतिशत के अध्यधीन मृत्यु लाभ बीमाकृत रकम के बराबर मत्यु लाभ जमा उपचित वार्षिक बोनस जमा अंतरिम बोनस एवं मृत्यु की तारीख तक उपचित अंतिम बोनस (यदि कोई है) का भुगतान करेंगे।

**<u>नोट</u>**: दावे का भुगतान पॉलिसी में निर्दिष्ट नामिति को किया जाएगा। यदि कोई नामिति नहीं है या बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय नामिति जीवित नहीं है तो न्यायालय के निर्देशानुसार मृत बीमाकृत व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारी को दावे का भुगतान किया जाएगा।

**अभ्यर्पण लाभ**

आप पॉलिसी अवधि के दौरान, पॉलिसी को कभी भी अभ्यर्पित कर सकते हैं बशर्ते कि कम से कम तीन पॉलिसी वर्षों के नियिमित प्रीमियम का भुगतान कर दिया गया है। हम अभ्यर्पण हेतु आवेदन की प्राप्ति की तारीख पर लागू अभ्यर्पण वैल्यू का भुगतान करेंगे। एक बार पॉलिसी को अभ्यर्पित करने के बाद इसे दुबारा चालू नहीं करवाया जा सकता और इस पॉलिसी के तहत कोई लाभ देय नहीं होंगे।

**नियमित प्रीमियम सेट-ऑफ विकल्प**

इस पॉलिसी के तहत कोई ऋण बकाया नहीं होने के अध्यधीन, आप इस प्रस्ताव फार्म या बाद में किसी भी समय, मगर मासिक आय भुगतान अवधि शुरू होने से कम से कम 6 महीने पहले सेट-ऑफ का विकल्प चुन सकते हैं, परंतु:

(i) यदि नियमित प्रीमियम की रकम पॉलिसी वर्ष के दौरान प्राप्य मासिक आय की रकम से अधिक है तो आपको नियमित प्रीमियम और हमारी रकम के अंतर की राशि का भुगतान करना होगा;

(ii) यदि नियमित प्रीमियम की रकम पॉलिसी वर्ष के दौरान प्राप्य मासिक आय की रकम से कम है तो हम आपको मासिक आय के अंतर की राशि का भुगतान करेंगे।

**नोट:**

(1) पॉलिसीधारक मासिक आय भुगतान अवधि शुरू होने से 6 महीने पहले तक कितनी ही बार "सेट-ऑफ विकल्प' को चुन या छोड़ सकता है। इसके बाद, पॉलिसीधारक द्वारा लिए गए सेट-ऑफ विकल्प में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता।

(2) यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी के तहत ऋण का विकल्प लेता है तो नियमित प्रीमियम सेट-ऑफ विकल्प स्वतः डिशेबल हो जाएगा।

## पॉलिसी उपबंध

**पॉलिसी प्रदत्त**

यदि नियमित प्रीमियम की किसी किश्त का भुगतान छूट अवधि के अंदर नहीं किया जाता है और नियमित प्रीयियम के भुगतान में यह चूक पॉलिसी का चौथा वर्ष शुरू होने के बाद होती है तो पॉलिसी प्रदत्त हो जाती है और पॉलिसी को भविष्य में घोषित कोई भी साधारण प्रत्यावर्ती बोनस या टर्मिनल बोनस प्राप्त नहीं होगा और सभी देय लाभों में निम्नानुसार कमी की जाएगी:

(i) <u>मृत्यु लाभ:</u> यदि बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु पॉलिसी के प्रदत्त होने की स्थिति में और मेच्योरिटी तारीख से पहले हो जाती है तो हम बकाया ऋण रकम और तत्संबंधी ब्याज को काटकर निम्नलिखित राशियों का भुगतान करेंगे:

Canara HSBC OBC Life Insurance

(1) पहले से कम मृत्यु लाभ = मृत्यु लाभ बीमाकृत रकम * (प्राप्त नियमित प्रीमियम की किश्तों की संख्या/ देय नियमित प्रीमियम की किश्तो की कुल संख्या);

(2) सभी साधारण प्रत्यावर्ती बोनस जो पॉलिसी के प्रदत्त दर्जा प्राप्त करने तक पॉलिसी के अधीन प्राप्त हुए हैं।

<u>नोट</u>: दावे का भुगतान पॉलिसी में निर्दिष्ट नामिति को किया जाएगा। यदि कोई नामिति नहीं है या बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय नामिति जीवित नहीं है तो न्यायालय के निर्देशानुसार मृत बीमाकृत व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारी को दावे का भुगतान किया जाएगा।

(ii) <u>मासिक आय लाभ:</u> मासिक आय की कोई रकम, जो पॉलिसी के प्रदत्त होने पर पॉलिसी के तहत देय हो जाती है, इसका भुगतान निम्नलिखित घटी दर से किया जाएगा:

(1) पहले से कम मासिक आय = मासिक आय* (प्राप्त नियमित प्रीमियम की किश्तों की संख्या/देय नियमित प्रीमियम की किश्तो की कुल संख्या);

(iii) <u>परिपक्वता लाभ:</u> यदि परिपक्वता की तारीख पर बीमाकृत व्यक्ति जीवित है और पॉलिसी प्रदत्त स्थिति में है तो हम पॉलिसी के प्रदत्त होने तक पॉलिसी के तहत उपचित होने वाले सभी साधारण प्रत्यावर्ती बोनसों का भुगतान करेंगे।

(iv) <u>अभ्यर्पण लाभ:</u> आप लागू अभ्यर्पण वैल्यू के लिए पॉलिसी को अभ्यर्पित कर सकते हैं।

**पॉलिसी ऋण**

आप पॉलिसी द्वारा अभ्यर्पण वैल्यु प्राप्त करने के बाद और मासिक आय भुगतान अवधि शुरू होने से पॉलिसी के चालू रहने के अध्यधीन किसी भी समय इस पॉलिसी के तहत ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। पॉलिसी के प्रदत्त होने के बाद ऋण के लिए आवेदन नहीं किया जा सकता। इस पॉलिसी के तहत हमारे द्वारा दिए गए ऋण को प्रभार योग्य ब्याज सहित ऋण प्रदान करने की तारीख से हमारे द्वारा निर्धारित आवृत्ति से करना होगा। हमारे द्वारा ऋण संवितरण पत्र जारी किया जाएगा जिसमें आपको लागू ब्याज और तत्संबंधी शर्तों सहित ऋण के विवरण के बारे में बताया जाएगा। ऋण प्रदान करने पर पॉलिसी सशर्त हमें सौंपी जाएगी। इस पॉलिसी के तहत प्रदान किए जाने वाले ऋण की न्यूनतम रकम ₹ 20,000 होगी और किसी भी स्थिति में प्रदान किया गया ऋण, ऋण प्रदान करने की तारीख पर लागू अभ्यर्पण वैल्यू के 80 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। न्यूनतम रिपेमेंट किश्त ₹ 2000 से कम या बकाया ऋण और देय ब्याज (यदि कोई है) की रकम होगी। शर्तों एवं निबंधनों में उल्लेख होते हुए भी इस पॉलिसी के तहत किया गया कोई भी भुगतान इस पॉलिसी के तहत बकाया ऋण और तत्संबंधी ब्याज (यदि कोई है) की कटौती के अध्यधीन होगा।

**पॉलिसी को समाप्त करना**

बीमाकृत व्यक्ति की पहले मृत्यु होने, अभ्यर्पित करने या परिपक्वता तारीख पर पॉलिसी तुरंत और स्वत: समाप्त हो जाएगी और इस पॉलिसी के तहत कोई और राशि देय नहीं होगी।

## सामान्य उपबंध

**अधिकार और दायित्व**

इस पॉलिसी के तहत सभी अधिकार और दायित्व आपमें निहित हैं और इनका निर्वहन आपको करना होगा।

**समनुदेशन**

आप (समनुदेशक) इस पॉलिसी को एक लिखित नोटिस को भरकर इसे मूल पॉलिसी संविदा के साथ गवाह की उपस्थिति में हमारे किसी भी सर्विसिंग ऑफिस में प्रस्तुत कर सकते हैं। समनुदेशन को मूल पॉलिसी संविदा पर पृष्ठांकित किया जाएगा या पृथक विकल्प द्वारा इसे प्रलेखित किया जाएगा और अन्य मामले में समनुदेशक हस्ताक्षर करके समनुदेशन के तथ्य का विशेष रूप से उल्लेख करेगा। हम समनुदेशन की वैधता या पुष्टता पर कोई राय व्यक्त नहीं करेंगे। हमारे पक्ष में किए गए समनुदेशन को छोड़कर किए गए समनुदेशन से नामांकन स्वत रद्द हो जाएगा।

इस उपबंध के अधीन किया गया समनुदेशन बीमा अधिनियम की धारा 38 के अनुसार है।

**नामांकन**

आप पॉलिसी के भुगतान के लिए परिपक्व होने से पहले किसी भी समय मृत्यु लाभ उपबंध के तहत देय लाभ प्राप्त करने के लिए किसी एक व्यक्ति या व्यक्तियों को नामित कर सकते हैं। आप ऐसे व्यक्ति को भी नामित कर सकते हैं जो नामिति के नाबालिग रहने के दौरान नामिति की ओर से मृत्यु लाभ प्राप्त करने के लिए बालिग है। हम अपनी सर्विसिंग ऑफिस में निर्धारित फार्मेट में आपकी ओर से लिखित नोटिस प्राप्त नहीं होने तक नामांकन या नामांकन में परिवर्तन को मान्यता नहीं देंगे। हम नामांकन की वैधता या पुष्टता पर अपनी कोई राय व्यक्त नहीं करते हैं।

यदि नामिति नहीं है या बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय नामिति जीवित नहीं रहता है तो न्यायालय के निर्देशानुसार मृत बीमाकृत व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को दावे का भुगतान किया जाएगा।

इस उपबंध के तहत किया गया नामांकन बीमा अधिनियम, 1938 के अनुसार है।

**दावा प्रक्रिया**

हमें बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की सूचना, मृत्यु होने के 60 दिनों के अंदर निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ हमारे दावा सूचना फार्म में दी जानी चाहिए: मूल पॉलिसी दस्तावेज, हमारे द्वारा मुहैया कराए गए दावा फार्म (दावाकर्ता का कथन), मृत्यु प्रमाणपत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट (यदि लागू है), पोस्ट मार्टम रिपोर्ट (यदि लागू है), पहचान और पते का प्रमाण, और ऐसा कोई दस्तावेज, जो दावे के मूल्यांकन के लिए हमारे द्वारा मांगा जाए। यदि हम 60 दिनों के अंदर नोटिस प्राप्त नहीं करते हैं तो हम उस विलंब को माफ कर सकते हैं जो दावाकर्ता के नियंत्रण से बाहर कारणों से हुआ है। इस पॉलिसी में निर्दिष्ट नामिति को दावे का भुगतान किया जाएगा। यदि नामिति नहीं है या बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय नामिति जीवित नहीं रहता है तो न्यायालय के निर्देशानुसार मृत बीमाकृत व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को दावे का भुगतान किया जाएगा।

**कराधान**

हमें किसी आय, विदहोल्डिंग, सेवा कर, बिक्री कर, मूल्य संवर्धन या अन्य कर, उपकर या अन्य कर, शुल्क या अन्य लेवी, जो पॉलिसी के संबंध में किसी कानून या विनियम या अन्य द्वारा हम पर या आप पर या नामिति पर लगाए गए हैं, के कारण पॉलिसी के तहत देय नियमित प्रीमियम या प्राप्त लाभ से और/या इन पर ऐसे वर्तमान और भावी कटौतियां करने और/या लेवी प्रभार प्रभारित करने का अधिकार है, जो हमारी राय में आवश्यक और उचित हैं। इस पर सहमति और स्वीकृति है कि हम आपकी या नामिति की किसी निजी आय पर किसी कर के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

**उम्र गलत बताना**

बीमाकृत व्यक्ति की उम्र आपके द्वारा प्रस्ताव फार्म में की गई घोषणा और इसके समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर स्वीकार की जाती है। यदि बीमाकृत व्यक्ति की उम्र घोषित उम्र से अलग पाई जाती है तो हम अपने स्वविवेक से नियमित प्रीमियम और/या इस पॉलिसी के तहत लाभ को समायोजित कर सकते हैं और/या आपसे अतिरिक्त राशि की वसूली कर सकते हैं।

**आत्महत्या**

यदि बीमाकृत व्यक्ति पॉलिसी चालू रहने और निम्नलिखित तारीख से एक साल के अंदर पूरे होशो-हवाश या उन्माद में किसी भी कारण से आत्महत्या कर लेता है:

(i) जोखिम शुरू होने के तारीख से, तो हम बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की तारीख तक अदा किए गए प्रीमियम के 80 प्रतिशत रिफंड करेंगे;

Canara HSBC OBC Life Insurance

(ii) पॉलिसी को फिर शुरू करने की तारीख से, तो बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की तारीख तक अदा किए गए प्रीमियम का 80 प्रतिशत या बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की तारीख पर लागू अभ्यर्पण वैल्यू का भुगतान करेंगे।

(iii) यदि पॉलिसी शुरू होने की तारीख, या पॉलिसी को फिर से चालू करवाने की तारीख से एक साल के बाद बीमाकृत व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है और पॉलिसी चालू हालत में है तो यथा लागू मृत्यु लाभों का भुगतान किया जाएगा।

**खुलासा न करना**

कंपनी ने इस पॉलिसी को जारी करने में आपके द्वारा प्रस्ताव फार्म और अन्य दस्तावेजों में की गई घोषणा पर भरोसा किया है। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 45 सहित लागू भारतीय विनियमों के प्रावधानों के अध्यधीन यदि कोई सूचना, घोषणा या कथन असत्य या गलत पाया जाता है या कोई महत्वपूर्ण सूचना छुपाई या गलत तरीके से दी जाती है तो हमें अभ्यर्पण वैल्यू घटा बकाया ऋण और तत्संबंधी ब्याज (यदि कोई है) का भुगतान करने के बाद इस पॉलिसी को समाप्त करने का हक होगा।

**धोखाधड़ी**

धोखाधड़ी या मिथ्या प्रस्तुति मामले में, बीमा कंपनी द्वारा बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 45 के अनुसार, धोखाधड़ी या मिथ्या प्रस्तुति स्थापित किए जाने के अध्यधीन अभ्यर्पण वैल्यु का भुगतान करके पॉलिसी तुरंत रद्द कर दी जाएगी।

**शर्तों में बदलाव**

हमें आईआरडीए की पूर्व अनुमति से लागू लाभों को कम किए बगैर इस पॉलिसी की शर्तों एवं निबंधनों की समीक्षा करने, बदलाव करने, हटाने और/या संशोधन करने का अधिकार है। इस पॉलिसी की शर्तों एवं निबंधनों को प्रभावित करने वाले विनियामक प्रावधानों में किए गए बदलाव की सीमा तक समय-समय पर इन शर्तों एवं निबंधनों में भी संशोधन किए जाएगे।

**पॉलिसी मुद्रा**

सभी देय नियमित प्रीमियम और लाभों का भुगतान केवल भारतीय रुपये में किया जाएगा।

**शासी कानून और न्यायाधिकार क्षेत्र**

यह पॉलिसी और इस पॉलिसी के तहत और इसके संबंध में उत्पन्न सभी विवाद भारतीय कानून के अनुसार और ये भारतीय न्यायालयों द्वारा शासित और व्याख्यित होंगे।

**पत्र और नोटिस**

हम पॉलिसी दस्तावेज, पत्र और नोटिस को आपके द्वारा प्रस्ताव फार्म दिए गए पत्राचार के पते पर भेजेगें, बशर्ते कि आपने हमें अपना अपडेटिड पते की सूचना लिखित में न दी हो। यदि पॉलिसी दस्तावेज, पत्र और नोटिस बिना डिलिवर हुए वापस आ जाते हैं तो हम इन्हें आपको को किसी दूसरे माध्यम, जो उचित समझा जाए, से भेजने का प्रयास कर सकते हैं

**डुप्लीकेट पॉलिसी दस्तावेज जारी करना**

जब हम इस बात से संतुष्ट हो जाते हैं कि पॉलिसी दस्तोवज गुम हो गए हैं, इनके स्थान पर डुप्लीकेट पॉलिसी दस्तावेज जारी किए जाते हैं। बहरहाल, डुप्लीकेट पॉलिसी दस्तावेज जारी करने से पहले हमें पॉलिसीधारक के खर्च पर जांच करने या पॉलिसी दस्तावेज के गुम हो जाने का प्रमाण मांगने, जैसा भी उचित लगे, का अधिकार है। हम डुप्लीकेट पॉलिसी दस्तोवज जारी करने के बदले में शुल्क भी ले सकते हैं। कंपनी ऐसे मामलों में पुनर्विचार रद्दीकरण की अनुमति दे सकती है, जिनमें जांच के बाद यह पाया जाता है कि कस्मटर को मूल पॉलिसी बांड नहीं मिले हैं। इस पॉलिसी के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन करने में आपको हमारे द्वारा निर्धारित सभी शर्तों एवं निबंधनों का पालन करना होगा। ऐसे इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन वैध हैं और आप इनको मानने के लिए बाध्य होंगे।

**शिकायत निवारण**

इस पॉलिसी के संबंध में उत्पन्न किसी शिकायत के मामले में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और संपर्क विवरण अनुलग्नक 2 के रूप में संलग्न है।

**बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 45**

"उस तिथि, जिस दिन से बीमा चालू हुआ है, से दो वर्ष पूरे होने पर, जीवन बीमा के किसी भी बीमा पर बीमाकर्ता द्वारा इस आधार पर कि प्रस्ताव में दिया गया विवरण, या चिकित्सा अधिकारी की रपट, या मध्यस्थ या बीमाधारक के मित्र अथवा बीमा के निर्गम के कारण किसी अन्य दस्तोवज में दिया गया विवरण गलत या मिथ्या थे, पर तब तक प्रश्न नहीं उठाया जा सकता जब तक कि बीमाकर्ता यह प्रकट नहीं करता कि यह विवरण महत्वपूर्ण विषय या छिपाए गए तथ्यों पर आधारित थे, जिन्हें प्रकट करना आवश्यक था और जिन्हें बीमाधारक द्वारा कपटपूर्वक प्रकट किया गया था और जिनके बारे में बीमाधारक बीमा करते समय जानता था कि विवरण मिथ्या थे या छिपाए गए थे, जिन्हें प्रकट करना जरूरी था। परंतु इस धारा की कोई भी बात बीमाकर्ता को किसी भी समय आयु का प्रमाण मांगने से नहीं रोकती, बशर्ते कि उसे ऐसा करने का अधिकार हो, और किसी भी पॉलिसी पर केवल इस तथ्य के आधार पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता कि बाद के प्रमाण से पॉलिसी की शर्तों को समायोजित कर लिया गया है और कि बीमाकृत व्यक्ति की आयु प्रस्ताव में गलत बताई गई थी।"

<u>अनुलग्नक – I</u>

| अभ्यर्पण का वर्ष | (A) GSV कारक (अतिरिक्त प्रीमियम, यदि कोई है, को छोड़कर अदा किए गए प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में) | (B) बोनस के लिए GSV कारक (प्रदत्त दर्जा हासिल करने से पहले उपचित बोनस से गुणा किया जाएगा) |
|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL |
| 3 | 30% | 0.14 |
| 4 | 50% | 0.15 |
| 5 | 50% | 0.16 |
| 6 | 50% | 0.18 |
| 7 | 50% | 0.19 |
| 8 | 52% | 0.21 |
| 9 | 54% | 0.23 |
| 10 | 56% | 0.25 |
| 11 | 58% | 0.27 |
| 12 | 60% | 0.30 |
| 13 | 62% | 0.33 |
| 14 | 64% | 0.36 |
| 15 | 66% | 0.39 |
| 16 | 68% | 0.42 |
| 17 | 70% | 0.46 |
| 18 | 72% | 0.50 |
| 19 | 74% | 0.55 |
| 20 | 76% | 0.60 |
| 21 | 78% | 0.65 |
| 22 | 80% | 0.71 |
| 23 | 82% | 0.77 |
| 24 | 84% | 0.84 |
| 25 | 86% | 0.92 |

Canara HSBC OBC Life Insurance

## GLOSSARY OF IMPORTANT TECHNICAL TERMS IN AN INSURANCE POLICY

## बीमा पॉलिसी में इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दों की शब्दावली

This document aims to explain certain technical terms of the insurance policy in a simple and easy language.

इस दस्तोवज का उद्देश्य बीमा पॉलिसी के कुछ तकनीकी शब्दों/वाक्यों की व्याख्या सरल भाषा में करना है।

| S.No. क्र.सं. | Technical Term / तकनीकी शब्द |
|---|---|
| 1. | **Assignment / समनुदेशन**<br>Assignment is a method by which the Policy Holder can transfer his/her interest in the Policy to another person. An assignment can be made by an endorsement on the policy document or as a separate deed. Assignment can either be conditional or absolute.<br>समनुदेशन एक विधि है जिसके द्वारा पॉलिसीधारक, पॉलिसी में अपने हित को दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर कर सकता है। समनुदेशन, पॉलिसी दस्तावेज पर पृष्ठांकन करके या पृथक विलेख द्वारा किया जा सकता है। समनुदेशन सशर्त या बिना शर्त हो सकता है। |
| 2. | **Exclusions / अपवर्जन**<br>Specific conditions or circumstances for which the policy shall not provide any benefits.<br>ऐसी विशेष स्थितियां या परिस्थितियां जिनके लिए पॉलिसी कोई लाभ प्रदान नहीं करती है। |
| 3. | **Grace period / छूट की अवधि**<br>Policyholders are expected to pay regular premium on due dates. A period of 30 days from the premium due date is allowed as grace to make payment of due premium. This duration is known as grace period.<br>पॉलिसीधारक से उम्मीद की जाती है कि वह नियमित प्रीमियों का भुगतान देय तारीखों पर कर दें। देय प्रीमियम का भुगतान करने के लिए छूट अवधि के रूप में प्रीमियम की देय तारीख से 30 दिनों की अवधि की अनुमति दी जाती है। इस अवधि को छूट अवधि कहा जाता है। |
| 4. | **Lapsed Policy / व्यपगत पॉलिसी**<br>A policy which is no longer in force on account of non-payment of the due premiums, even within the grace period.<br>वो पॉलिसी, जो छूट अवधि समाप्त होने के बाद भी देय प्रीमियमों का भुगतान नहीं किए जाने के कारण अब चालू हालत में नहीं है। |
| 5. | **Last Birth Day (l.b.d) / पिछला जन्म दिन (l.b.d)**<br>Age at last Birthday as on date of issuance of policy.<br>पॉलिसी जारी करने की तारीख पर पिछले जन्म दिन की उम्र। |
| 6. | **Life Assured / बीमाकृत व्यक्ति**<br>The person whose life is insured under the Policy.<br>वह व्यक्ति, इस पॉलिसी के तहत जिसके जीवन का बीमा किया गया है। |
| 7. | **Maturity/ परिपक्वता**<br>The date upon which the specified maturity benefit is payable, as per the terms and conditions of the Policy.<br>वह तारीख, जिस पर पॉलिसी की नियम एवं शर्तों के अनुसार, निर्दिष्ट परिपक्वता लाभ देय होते हैं। |
| 8. | **Maturity Claim/ परिपक्वता दावा**<br>The Payment to the policy holder at the end of the stipulated term of the policy is called maturity claim.<br>पॉलिसी की निर्धारित अवधि की समाप्ति पर पॉलिसीधारक को किया जाने वाला भुगतान परिपक्वता दावा कहलाता है। |
| 9. | **Misrepresentation / मिथ्या प्रस्तुति**<br>Act of making any kind of statement that does not in fact reflect its true nature.<br>कोई ऐसा कथन प्रस्तुत करने का कृत्य जो वस्तुत इसकी सच्चाई को नहीं दर्शाता है। |
| 10. | **Nomination/ नामांकन**<br>An act by which the life Assured authorizes another person to receive the policy proceeds in the event of his/her death. The person so authorized is called the "Nominee".<br>ऐसा कृत्य जिसके द्वारा बीमाकृत व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को अपनी मृत्यु की स्थिति में पॉलिसी लाभ प्राप्त करने के लिए अधिकृत करता है। यह अधिकृत व्यक्ति "नामिति" कहलाता है। |
| 11. | **Nominee/ नामिति**<br>The person(s) named in the policy who is/are entitled to receive the insurance proceeds upon the death of the Life Insured.<br>पॉलिसी में निर्दिष्ट व्यक्ति (एक से अधिक व्यक्ति), जो बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु होने पर बीमा लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। |

**12. Proposal Form/ प्रस्ताव फॉर्म**

It is an application form which is to be completed and signed by the proposer for securing an insurance policy and forms the basis for issuance of the Policy.

यह एक आवेदन फार्म है, जिसे बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव करने वाले व्यक्ति द्वारा पूरा और हस्ताक्षरित किया जाता है और जो बीमा पॉलिसी का आधार तैयार करता है।

**13. Paid-up Value/ प्रदत्त मूल्य**

Paid-up value is the reduced amount of benefits, payable by the Insurer in case the Policyholder discontinues the payment of premiums, after paying the full premiums for at least first three policy years.

प्रदत्त मूल्य, लाभों की घटी हुई वह रकम है, जिसका भुगतान पॉलिसीधारक द्वारा कम से कम तीन पॉलिसी वर्षों के लिए पूरे प्रीमियम का भुगतान करने बाद, प्रीमियम का भुगतान बंद करने के मामले में बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है।

**14. Policy Term/ पॉलिसी अवधि**

Policy term is the period for which insurance coverage is given.

पॉलिसी अवधि वो अवधि होती है जिसके लिए बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है।

**15. Regular Premium/ नियमित प्रीमियम**

The amount payable by the Policyholder to the Insurance Company in exchange for the insurer's obligation to pay benefits upon the occurrence of the contractually-specified contingency (e.g., death).

संविदा में निर्दिष्ट आकस्मिकता (अर्थात् मृत्यु) घटित होने पर लाभों का भुगतान करने की बीमा कंपनी के दायित्व के बदले में पॉलिसीधारक द्वारा बीमा कंपनी को अदा की जाने वाली रकम।

**16. Revival/ फिर से चालू कराना**

The restoration of a lapsed policy to in-force status. Revival can only occur after the expiration of the grace period. The company may require evidence of insurability (if health status has changed, deny revival), and will always require payment of the total amount of past due premium/s.

व्यपगत पॉलिसी को पुन: चालू करना। छूट अवधि समाप्त होने के बाद ही यह पुन: चालू कराई जा सकती है। कंपनी बीमा योग्यता (अगर स्वास्थ्य स्थिति में परिवर्तन हो गया है तो पुन: चालू करने से मना किया जा सकता है) का प्रमाण मांग सकती है और इसके लिए पिछले देय सभी प्रीमियमों की कुल रकम का भुगतान करना ज़रूरी होगा।

**17. Risk/ जोखिम**

The obligation assumed by the insurer when it issues a policy.

पॉलिसी जारी करते समय, बीमा कंपनी द्वारा माना गया दायित्व।

**18. Sum Assured/ बीमाकृत रकम**

Sum assured is the minimum amount that an insurer agrees to pay on the occurrence of a stated contingency (eg: Death).

बीमाकृत रकम वह न्यूनतम रकम है, जिसे बीमा कंपनी उल्लिखित आकस्मिकता (अर्थात् मृत्यु) की स्थिति में देने के लिए सहमत होती है।

**19. Surrender Value/ अभ्यर्पण मूल्य**

The value payable to the policy holder in the event of his/her deciding to terminate the policy before the maturity of the policy.

पॉलिसीधारक द्वारा पॉलिसी की परिपक्वता से पहले पॉलिसी को समाप्त करने के निर्णय के मामले में पॉलिसीधारक को देय मूल्य।

**20. Underwriting/ हामीदारी**

The process of evaluating risks for insurance and determining in what amounts and on what terms the insurance company will accept the risk.

बीमा के लिए जोखिमों का मूल्यांकन करने और कितनी राशि का भुगतान किया जाएगा और कंपनी किन शर्तों पर जोखिम को स्वीकार करेगी, का निर्धारण करने की प्रक्रिया।

**21 With-Profit Policy/ लाभ सहित पॉलिसी**

Policies entitled to bonus, which is paid at the time of claim (death or maturity).

वे पॉलिसियां जो बोनस की हकदार हैं, जिसका भुगतान दावे (मत्यु या परिपक्वता) के समय किया जाता है।

## GRIEVANCE REDRESSAL PROCEDURE

We, at Canara HSBC Oriental Bank of Commerce Life strive to ensure that our customers get only the very best of service from us. We understand the customer's grievance and try to resolve the same by ascertaining all the facts and documents available to provide a fair resolution on the complaint.

1. In case you wish to register a complaint with us, you may visit our website, approach our Resolution Centre, Grievance Officers at Hub locations, or you may write to us at the following address:

   **Complaint Redressal Unit**
   Canara HSBC Oriental Bank of Commerce Life Insurance Co. Ltd.
   Unitech Trade Centre, 2nd Floor, Sushant Lok, Phase-1, Sector-43, Gurgaon-122009, Haryana, India
   Toll Free: 1800-103-0003 / 1800-180-0003 (BSNL/MTNL)
   Email: cru@canarahsbclife.in

   We shall respond to you within two weeks from the date of our receiving your complaint. Kindly note that in case we do not receive revert from you within eight weeks from the date of your receipt of our response we will treat your complaint as closed.

2. In case you do not receive a satisfactory response from us within the above timelines, you may write to our Complaint Redressal Officer at:

   **The Complaint Redressal Officer**
   Canara HSBC Oriental Bank of Commerce Life Insurance Co. Ltd.
   Unitech Trade Centre, 2nd Floor, Sushant Lok, Phase-1, Sector-43, Gurgaon-122009, Haryana, India
   Toll Free: 1800-103-0003 / 1800-180-0003 (BSNL/MTNL)
   Email: cro@canarahsbclife.in

3. In case you are not satisfied with the decision/resolution of the Company, you may approach the Insurance Ombudsman for your State or an appropriate judicial/quasi-judicial authority having jurisdiction over the matter for redressal of your grievance.

## शिकायत निवारण प्रक्रिया

केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स लाइफ़ में हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारे ग्राहकों को हमारी ओर से केवल सबसे अच्छी सेवा प्राप्त हो। हम ग्राहकों की शिकायतों को समझते हैं और शिकायत का निष्पक्ष समाधान प्रदान करने के लिए उपलब्ध सभी तथ्यों और दस्तावेज़ों की जाँच करके इनका समाधान करने का प्रयास करते हैं।

1. अगर आप हमारे पास कोई शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, तो आप हमारी वेबसाइट पर जा सकते हैं, हमारे समाधान केंद्र, हब कार्यालयों पर मौजूद शिकायत अधिकारियों तक पहुँच सकते हैं, या आप निम्न पते पर हमें लिख सकते हैं:

   **शिकायत निवारण इकाई**
   केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स लाइफ़ इंश्योरेंस कं. लि.
   यूनिटेक ट्रेड सेंटर, दूसरी मंज़िल, सुशांत लोक, फेस-1, सेक्टर-43, गुड़गाँव-122009, हरियाणा, भारत
   टॉल फ़्री: 1800-103-0003 / 1800-180-0003 (बीएसएनएल/एमटीएनएल)
   ईमेल: cru@canarahsbclife.in

   आपकी शिकायत हमारे पास पहुँचने की तिथि से दो सप्ताह के अंदर हम आपको उत्तर देंगे। कृपया ध्यान दें कि आपको हमारा उत्तर प्राप्त होने की तिथि के बाद अगर हमें आठ सप्ताह तक आपकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो हम समझेंगे कि आपकी शिकायत का समाधान हो चुका है।

2. अगर आपको उपरोक्त समय-सीमाओं के अंदर हमारी ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है, तो आप निम्न पते पर हमारे शिकायत निवारण अधिकारी को लिख सकते हैं:

   **शिकायत निवारण अधिकारी**
   केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स लाइफ़ इंश्योरेंस कं. लि.
   यूनिटेक ट्रेड सेंटर, दूसरी मंज़िल, सुशांत लोक, फेस-1, सेक्टर-43, गुड़गाँव-122009, हरियाणा, भारत
   टॉल फ़्री: 1800-103-0003 / 1800-180-0003 (बीएसएनएल/एमटीएनएल)
   ईमेल: cro@canarahsbclife.in

3. अगर आप कंपनी के निर्णय/समाधान से संतुष्ट नहीं होते हैं, तो आप अपनी शिकायत के निवारण के लिए अपने राज्य के बीमा लोकपाल या इस मामले पर न्यायाधिकार रखने वाले उपयुक्त न्यायिक/अर्द्धन्यायिक प्राधिकरण के पास पहुँच सकते हैं।

**List of Insurance Ombudsmen / बीमा लोकपालों की सूची**

| Office of the Ombudsman<br>लोकपाल का कार्यालय | Name of the Ombudsman<br>लोकपाल का नाम | Contact Details<br>संपर्क का विवरण | | Areas of Jurisdiction<br>अधिकार क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| **AHMEDABAD**<br>**अहमदाबाद** | Shri P. Ramamoorthy<br>श्री पी. रामामूर्ति | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>2nd Floor, Ambica House,<br>Nr. C.U. Shah College,<br>Ashram Road,<br>**AHMEDABAD-380 014.**<br>Tel.: 079-27546840<br>Fax : 079-27546142<br>Email: ins.omb@rediffmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>दूसरी मंज़िल, अंबिका हाउस,<br>सी.यू. शाह कॉलेज के पास, आश्रम रोड़,<br>**अहमदाबाद-380 014.**<br>फोन: 079-27546840<br>फैक्स: 079-27546142<br>ईमेल: ins.omb@rediffmail.com | Gujarat, UT of Dadra & Nagar Haveli, Daman and Diu<br>गुजरात, केंद्र शासित प्रदेश दादर और नागर हवेली, दमन और द्वीव |
| **BHOPAL**<br>**भोपाल** | | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>Janak Vihar Complex,<br>2nd Floor, 6, Malviya Nagar,<br>Opp. Airtel, Near New Market,<br>**BHOPAL(M.P.)-462 023.**<br>Tel.: 0755-2569201<br>Fax : 0755-2769203<br>Email: bimalokpalbhopal@airtelmail.in | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>जनक विहार कौमप्लेक्स,<br>दूसरी मंज़िल, 6, मालविया नगर,<br>एयरटेल के सामने, न्यू मार्केट के पास,<br>**भोपाल (एम.पी.)-462 023.**<br>फोन: 0755-2569201<br>फैक्स: 0755-2769203<br>ईमेल: bimalokpalbhopal@airtelmail.in | Madhya Pradesh & Chhattisgarh<br>मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ |
| **BHUBANESHWAR**<br>**भुवनेश्वर** | Shri B. P. Parija<br>श्री बी.पी. पारीजा | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>62, Forest Park,<br>**BHUBANESHWAR-751 009.**<br>Tel.: 0674-2596455<br>Fax : 0674-2596429<br>Email: ioobbsr@dataone.in | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>62, फोरेस्ट पार्क,<br>**भुवनेश्वर-751 009.**<br>फोन: 0674-2596455<br>फैक्स: 0674-2596429<br>ईमेल: ioobbsr@dataone.in | Odisha<br>उडीशा |
| **CHANDIGARH**<br>**चंडीगढ़** | | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>S.C.O. No.101-103,<br>2nd Floor, Batra Building.<br>Sector 17-D,<br>**CHANDIGARH-160 017.**<br>Tel.: 0172-2706468<br>Fax : 0172-2708274<br>Email: ombchd@yahoo.co.in | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>एस.सी.ओ. नं. 101-103, दूसरी मंज़िल,<br>बतरा बिल्डिंग, सेक्टर 17-डी,<br>**चंडीगढ़-160 017.**<br>फोन: 0172-2706468<br>फैक्स: 0172-2708274<br>ईमेल: ombchd@yahoo.co.in | Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, UT of Chandigarh<br>पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ |
| **CHENNAI**<br>**चेन्नई** | Shri V. Ramasaamy<br>श्री वी. रामासामी | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>Fathima Akhtar Court,<br>4th Floor, 453 (old 312),<br>Anna Salai, Teynampet,<br>**CHENNAI-600 018.**<br>Tel.: 044-24333668/5284<br>Fax : 044-24333664<br>Email: chennaiinsuranceombudsman@gmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>फातिमा अख्तर कोर्ट, चौथी मंज़िल,<br>453, (पुराना 312), अन्ना सालाई, तेनमपेट,<br>**चेन्नई-600 018.**<br>फोन: 044-24333668/5284<br>फैक्स: 044-2433364<br>ईमेल:<br>chennaiinsuranceombudsman@gmail.com | Tamil Nadu, UT–Pondicherry Town and Karaikal (which are part of UT of Pondicherry)<br>तमिलनाडु, केन्द्र शासित प्रदेश पांडिचेरी टाउन और कराईकल (जो केंद्र शासित प्रदेश पांडिचेरी के भाग है) |
| **NEW DELHI**<br>**नई दिल्ली** | Shri Surendra Pal Singh<br>श्री सुरेन्द्र पाल सिंह | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>2/2 A, Universal Insurance Bldg.,<br>Asaf Ali Road,<br>**NEW DELHI-110 002.**<br>Tel.: 011-23239633<br>Fax : 011-23230858<br>Email: iobdelraj@rediffmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>2/2 ए, यूनिवर्सल इन्श्योरेंस बिल्डिंग,<br>आसफ अली रोड़,<br>**नई दिल्ली-110 002.**<br>फोन: 011-23239633<br>फैक्स: 011-23230858<br>ईमेल: iobdelraj@rediffmail.com | Delhi & Rajasthan<br>दिल्ली और राजस्थान |

List of Insurance Ombudsmen / बीमा लोकपालों की सूची

| Office of the Ombudsman<br>लोकपाल का कार्यालय | Name of the Ombudsman<br>लोकपाल का नाम | Contact Details<br>संपर्क का विवरण | | Areas of Jurisdiction<br>अधिकार क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| **GUWAHATI**<br>**गुवाहाटी** | Shri D. C. Choudhury<br>श्री डी.सी. चौधरी | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>"Jeevan Nivesh", 5th Floor,<br>Near Panbazar Overbridge, S.S. Road,<br>**GUWAHATI-781 001 (ASSAM).**<br>Tel.: 0361-2132204/5<br>Fax: 0361-2732937<br>Email: ombudsmanghy@rediffmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>जीवन निवेश, पांचवी मंज़िल,<br>पानबाज़ार ओबरब्रिज के पास, एस.एस. रोड़,<br>**गुवाहाटी-781 001 (असम).**<br>फोनः 0361-2132204/5<br>फैक्सः 0361-2732937<br>ईमेलः ombudsmanghy@rediffmail.com | Assam, Meghalaya, Manipur, Mizoram, Arunachal Pradesh, Nagaland and Tripura<br>असम, मेघालया, मणिपुर, मिज़ोरम, अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड और त्रिपुरा |
| **HYDERABAD**<br>**हैदराबाद** | Shri K. Chandrahas<br>श्री के. चंदरहास | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>6-2-46, 1st Floor, Main Court,<br>A.C. Guards, Lakdi-Ka-Pool,<br>**HYDERABAD-500 004.**<br>Tel: 040-65504123<br>Fax: 040-23376599<br>Email: insombudhyd@gmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>6-2-46, पहली मंज़िल, मेन कोर्ट,<br>ए.सी. गार्डस, लकड़ी का पुल,<br>**हैदराबाद-500 004.**<br>फोनः 040-65504123<br>फैक्सः 040-23376599<br>ईमेलः insombudhyd@gmail.com | Andhra Pradesh, Karnataka and UT of Yanam – a part of the UT of Pondicherry<br>आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और यनम – केंद्रशासित प्रदेश – पांडिचेरी का एक भाग |
| **KOCHI**<br>**कोचि** | Shri R. Jyothindranathan<br>श्री आर. ज्योतिंद्रानाथन | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>2nd Floor, CC 27/2603, Pulinat Bldg.,<br>Opp. Cochin Shipyard, M.G. Road,<br>**ERNAKULAM-682 015.**<br>Tel: 0484-2358759<br>Fax: 0484-2359336<br>Email: iokochi@asianetindia.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>दूसरी मंज़िल, सीसी 27/2603, पुल्लीनॉट बिल्डिंग, कोचिन शिपयार्ड के सामने, एमजी रोड़,<br>**इर्णाकुलम-682015.**<br>फोनः 0484-2358759<br>फैक्सः 0484-2359336<br>ईमेलः iokochi@asianetindia.com | Kerala , UT of (a) Lakshadweep , (b) Mahe – a part of UT of Pondicherry<br>केरल, केंद्र शासित प्रदेश – (क) लक्षद्वीप (ख) माहे– पांडिचेरी का एक भाग |
| **KOLKATA**<br>**कोलकाता** | Ms. Manika Datta<br>श्रीमती मनिका दत्ता | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>4th Floor, Hindusthan Bldg. Annexe, 4,<br>C.R.Avenue,<br>**Kolkatta – 700 072.**<br>Tel: 033 22124346/(40)<br>Fax: 033 22124341<br>Email: iombsbpa@bsnl.in | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>चौथी मंज़िल, हिन्दुस्थान बिल्डिंग ऐनेक्स 4, सी. आर. ऐवन्यू,<br>**कोलकाता-700 072.**<br>फोनः 033-22124346/(40)<br>फैक्सः 033-22124341<br>ईमेलः iombsbpa@bsnl.in | West Bengal, Bihar, Jharkhand and UT of Andeman & Nicobar Islands, Sikkim<br>पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और केन्द्रशासित प्रदेश – अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, सिक्किम |
| **LUCKNOW**<br>**लखनऊ** | Shri G. B. Pande<br>श्री जी.बी. पांडे | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>Jeevan Bhawan, Phase-2,<br>6th Floor, Nawal Kishore Road,<br>Hazaratganj,<br>**LUCKNOW-226 001.**<br>Tel: 0522 -2231331<br>Fax: 0522-2231310<br>Email: insombudsman@rediffmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>जीवन भवन फेस-2,<br>छठी मंज़िल, नवल किशोर रोड़, हज़रतगंज़<br>**लखनऊ-226 001.**<br>फोनः 0522-2231331<br>फैक्सः 0522-2231310<br>ईमेलः insombudsman@rediffmail.com | Uttar Pradesh and Uttaranchal<br>उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल |
| **MUMBAI**<br>**मुंबई** | Shri S. Viswanathan<br>श्री एस. विश्वानाथन | Insurance Ombudsman,<br>Office of the Insurance Ombudsman,<br>3rd Floor, Jeevan Seva Annexe,<br>S.V. Road, Santacruz(W),<br>**MUMBAI-400 054.**<br>Tel: 022-26106928<br>Fax: 022-26106052<br>Email: ombudsmanmumbai@gmail.com | बीमा लोकपाल,<br>बीमा लोकपाल कार्यालय,<br>तीसरी मंज़िल, जीवन सेवा एनैक्सी,<br>एस.वी. रोड़, सांताक्रूज़ (वेस्ट),<br>**मुंबई-400 054.**<br>फोनः 022-26106928<br>फैक्सः 022-26106052<br>ईमेलः ombudsmanmumbai@gmail.com | Maharashtra, Goa<br>महाराष्ट्र, गोवा |

Canara HSBC OBC Life Insurance

Canara HSBC Oriental Bank of Commerce Life Insurance Company Limited / **केनरा एचएसबीसी ओरियंटल बैक ऑफ कामर्स लाइफ इन्शोरेंस कंपनी लिमिटेड**

Office Address / **कार्यालय का पता**

Unitech Trade Centre, 2nd Floor, Sushant Lok, Phase-1, Sector-43, Gurgaon-122009, Haryana, India

यूनिटेक ट्रेड सेंटर, दूसरी मंजिल, सुशांत लोक, फेस-1, सेक्टर-43, गुड़गाँव-122009, हरियाणा, भारत

| S.No. | Branch Locations / **शाखा कार्यालयों के पते** |
|---|---|
| 1 | **Agra:** 2nd Floor, Rajendra Point, Plot No. 1, Raghunath Nagar, M. G. Road, Agra - 282001, UP<br>**आगरा:** दूसरी मंजिल, राजेन्द्रा प्वाइंट, प्लाट नं. 1, रघुनाथ नगर, एम.जी. रोड़, आगरा - 282001, उ.प्र. |
| 2 | **Ahmedabad:** 3rd Eye One, 3rd Floor, Office No. 305, Opp. Havmor Restaurant, Panchvati, C. G. Road, Ahmedabad - 380009, Gujarat<br>**अहमदाबाद:** थर्ड आई वन, तीसरी मंजिल, ऑफिस नं. 305, हवमोर रेस्टोरेंट के सामने, पंचवटी, सी.जी. रोड़, अहमदाबाद - 380009, गुजरात |
| 3 | **Amritsar :** 32-A,Third Floor, Cee Tee Mall, The Mall, Amritsar - 143001, Punjab<br>**अमृतसर:** 32-ए, तीसरी मंजिल, सी.टी. मॉल, द मॉल, अमृतसर -143001, पंजाब |
| 4 | **Bengaluru:** 3rd Floor, Brigade Square, No.21 Cambridge Road, Ulsoor, Bengaluru - 560 008, Karnataka<br>**बैंगलुरू:** तीसरी मंज़िल, ब्रिगेड स्कवेयर, नं. 21 कैम्ब्रिज रोड, उलसूर, बेंगलूरू-560008, कर्नाटक |
| 5 | **Bareilly:** 149, Civil Lines, Radha Bhawan, 2nd floor, Next to Raj Rani Hospital, Bareilly - 243001, UP<br>**बरेली:** 149, सिविल लाइन, राधा भवन, दूसरी मंजिल, राज रानी हास्पिटल के बाद, बरेली - 243001 उ.प्र. |
| 6 | **Bhopal:** Plot# 238-A, III Floor, “Shashwat Tower”, Zone-I, M.P. Nagar, Bhopal - 462011, MP<br>**भोपाल:** प्लाट नं. 238-ए, तीसरी मंजिल, “शाश्वत टावर”, जोन-I, एम.पी. नगर, भोपाल-462011, म.प्र. |
| 7 | **Bhubaneswar:** Flat No. 202, 2nd Floor, Yasodhara Enclave, 731, Saheed Nagar, Bhubaneshwar - 751007, Odisha<br>**भुवनेश्वर:** फ्लैट नं. 202, दूसरी मंजिल, यशोदरा एनक्लेव, 731, शाहिद नगर, भुवनेश्वर - 751007, उडीशा |
| 8 | **Calicut:** 4th Floor, V-Zone Commercial Complex, Mavoor Road, Parayancheri, Calicut - 673016, Kerala<br>**कालीकट:** चौथी मंज़िल, वी-ज़ोन कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, मवूर रोड, परायानचेरी, कालीकट - 673016, केरल |
| 9 | **Chandigarh:** S.C.O. 2917-2918, First Floor, Sec. 22 C, Chandigarh – 160022<br>**चंडीगढ:** एस.सी.ओ. 2917-2918, पहली मंजिल, सेक्टर 22 सी, चंडीगढ -160022 |
| 10 | **Chennai:** 3D, "RIAZ Gardens", 3rd Floor, Door No. 12 & 13, Kodambakkam High Road, Nungambakkam, Chennai - 600034, Tamil Nadu<br>**चेन्नई:** 3डी, “रियाज़” गार्डन्स, तीसरी मंज़िल, डोर नं. 12 एवं 13, कोडमबक्कम हाई रोड, नुनगामबक्कम, चेन्नई - 600034, तमिलनाडू |
| 11 | **Coimbatore:** No.1023, R G Chambers, Avinashi Road, Coimbatore - 641018, Tamil Nadu<br>**कोयम्बटूर:** नं. 1023, आर जी **चेम्बर्स**, अविनाशी रोड़, कोयंबटूर - 641018, तमिलनाडु |
| 12 | **Delhi:** C-31 & C-32, Ist Floor, Connaught Place, New Delhi-110001<br>**दिल्ली:** सी-31 & सी-32, पहली मंजिल, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 |
| 13 | **Gurgaon:** Branch Operations, Unitech Trade Centre, 2nd Floor, Sushant Lok, Phase-1, Sector-43, Gurgaon-122009, Haryana<br>**गुड़गांव:** ब्रांच ऑपरेशन्स, यूनिटेक ट्रेड सेंटर, दूसरी मंज़िल, सुशांत लोक, फेस-1, सेक्टर-43, गुड़गाँव-122009, हरियाणा |
| 14 | **Guwahati:** Ganpati Enclave, 3rd Floor, Bora Service, G. S. Road, Guwahati - 781007, Assam<br>**गुवाहाटी:** गणपति इनक्लेव, तीसरी मंजिल, बोरा सर्विस, जी. एस. रोड़, गुवाहाटी - 781007, असम |
| 15 | **Hubli:** 163/5D, 3rd Floor, Kalburgi Landmark, Opp. Girls High School, Deshpande Nagar, Near Circuit House, Hubli - 580029, Karnataka<br>**हुबली:** 163/5डी, तीसरी मंजिल, कालबुर्गी लैंडमार्क, गल्स हाई स्कूल के सामने, देशपांडे नगर, सर्किट हाउस के नजदीक, हुबली - 580029, कर्नाटक |
| 16 | **Hyderabad :** House No. 6-3-1107 &1108, 3rd Floor, Rajbhawan Road, Hyderabad - 500082, AP<br>**हैदराबाद:** हाउस नं. 6-3-1107 & 1108, तीसरी मंजिल, राजभवन रोड़, हैदराबाद - 500082, आ.प्र. |
| 17 | **Jaipur:** Unit No. 501-503, Crystal Palms, Near Sahkar Bhawan, Jaipur - 302001, Rajasthan<br>**जयपुर:** यूनिट नं. 501-503, क्रिस्टल पॉम्स, शाहकर भवन के पास, जयपुर - 302001, राजस्थान |
| 18 | **Karnal:** SCO. 93, 1st Floor, Sector 7, Urban Estate, Karnal - 132001, Haryana<br>**करनाल:** एस.सी.ओ. 93, पहली मंज़िल, सैक्टर 7, अर्बन इस्टेट, करनाल-132001, हरियाणा |
| 19 | **Kolkata:** 21, Camac Street, Bells House, 6th Floor, Kolkata - 700016, WB<br>**कोलकाता:** 21, कॅमक स्ट्रीट, बेल्स हाउस, छठी मंजिल, कोलकाता -700016, प.बं. |
| 20 | **Lucknow:** 3rd Floor, Canara Bank Regional Office, Opp. Fun Republic, Behind RBI & NABARD, Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226010, UP<br>**लखनऊ:** तीसरी मंजिल, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, फन रिपब्लिक के सामने, आर.बी.आई & नार्बाद के पीछे, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ -226010, उ.प्र. |
| 21 | **Ludhiana:** 2nd Floor, Plot No-4, New Lajpat Nagar, Pakhowal Road, Ludhiana-141001, Punjab<br>**लुधियाना:** दूसरी मंजिल, प्लाट नं. 4, न्यू लाजपत नगर, पखोवाल रोड, लुधियाना -141001, पंजाब |
| 22 | **Madurai:** ATP Tower, 4th Floor, 12/27A - By Pass Road, Madurai - 625 010, Tamil Nadu.<br>**मदुरई:** ए टी पी टावर, चौथी मंजिल, 12/27 ए - बाई पास रोड, मदुरई - 625010, तमिलनाडु |
| 23 | **Mumbai 1:** 203, 2nd Floor, Neelyog Square, Opposite Ghatkopar Railway Station, Ghatkopar East, Mumbai - 400077, Maharashtra<br>**मुम्बई 1:** 203, दूसरी मंजिल, नीलयोग स्क्वेयर, घाटकोपर रेलवे स्टेशन के सामने, घाटकोपर ईस्ट, मुम्बई - 400077, महाराष्ट्र |
| 24 | **Mumbai 2:** 402, 4th Floor, Hallmark, Business Plaza, Opp. Gurunanak Hospital, Kalanagar, Bandra East, Mumbai - 400051, Maharashtra<br>**मुम्बई 2:** 402, चौथी मंजिल, हॉलमार्क, बिजनेस प्लाजा, गुरूनानक अस्पताल के सामने, कलानगर, बांद्रा ईस्ट, मुम्बई - 400051, महाराष्ट्र |
| 25 | **Patna:** 2nd Floor, 202 - 206, Sisodia Palace, Near Gorakhnath Complex, East Boring Canal Road, Patna - 800001, Bihar<br>**पटना:** दूसरी मंज़िल, 202-206, सिसोदिया पैलेस, गोरखनाथ कॉम्प्लैक्स के पास, ईस्ट बोरिंग केनाल रोड, पटना - 800001, बिहार |
| 26 | **Pune:** Unit no. 201, 2nd Floor, Pinnacle Building, S. No 31/2/1, North Main Road, Koregaon Park, Pune - 411001, Maharashtra<br>**पूना:** यूनिट नं. 201, दूसरी मंजिल, पिनकल बिल्डिंग, एस. नं. 31/2/1, नॉर्थ मेन रोड़, कोरेगांव पार्क, पूना - 411001, महाराष्ट्र |
| 27 | **Trivandrum:** 2nd Floor, New Jyothi Towers, S.S. Kovil Road, Thampanoor, Trivandrum - 695001, Kerala<br>**त्रिवेन्द्रम:** दूसरी मंज़िल, न्यू ज्योति टॉवर्स, एस.एस. कोविल रोड, थम्पानूर, त्रिवेन्द्रम - 695001, केरल |

*As on date of issuance of policy / बीमा जारी होने की तिथि को